7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

राजधानी
वर्ष 9 । अंक 167 । पृष्ठ : 20+8 = 28
मूल्य : तीन रुपये

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 15 दिसंबर 2016
amarujala.com

अवॉर्ड की रेस फिल्म 'पेले : बर्थ ऑफ लीजेंड' के लिए एआर रहमान ऑस्कर की दौड़ में...15 उत्तर प्रदेश

ऊर्जा की अधिक खपत करने वालों पर लगे टैक्स

लखनऊ (ब्यूरो)। दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस पर बुधवार को अधिक ऊर्जा की खपत करने वालों पर टैक्स लगाने की बात कही गई। विशेषज्ञों का कहना था कि इससे ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) एसके वर्मा ने बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में बिजली या दूसरे प्रकार से ऊर्जा को बचाने की जरूरत है। हमारे द्वारा की गई ऊर्जा की छोटी-छोटी बचत पूरे देश में बड़े रूप में दिखाई देगी। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता की जानकारी के साथ इससे होने वाले पर्यावरण व वित्तीय फायदों को स्कूली बच्चों के जरिये घरों तक पहुंचाने की जरूरत बताई। एलयू की प्रो. ऊषा वाजपेयी ने कहा, अधिक ऊर्जा की खपत करने वालों पर टैक्स लगाना चाहिए। आर्थिक बोझ बढ़ने पर लोग खुद ही ऊर्जा की बचत करना सीख जाएंगे। उन्होंने साधारण बल्ब की जगह सोलर लैम्प, सीएफ एल, एलईडी के प्रयोग पर भी जोर दिया। इससे तीन चौथाई ऊर्जा की बचत होगी।